an>

Title: Need to provide a special package for providing water for drinking and irrigation purposes in Maharashtra particularly in Wardha Parliamentary Constituency in the State.

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) : मुझे सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वर्धा की ओर आकृष्ट करते हुए कहना है कि मेरा संसदीय क्षेत्र विदर्भ में है जहां कई वर्षों से अकाल पड़ रहे हैं। साथ ही सम्पूर्ण महाराष्ट्र की स्थिति चिंतनीय है। इस वर्ष तो पीने के पानी का भी संकट है। जलाशय, तालाब एवं नदियां सूखती जा रही हैं। जनता में भय व्याप्त हो गया है। पेयजल की भी व्यवस्था नहीं हो पा रही है। किसानों की हालत बहुत ही खराब है, किसान मजबूर हो गए हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा के साथ सम्पूर्ण महाराष्ट्र के लिए पेयजल एवं किसानों को कृषि कार्य हेतु पानी की व्यवस्था कराने हेतु विशेष पैकेज देने की कृपा करें जिससे कि समस्या का समाधान हो सके।